# कार्यशाला एवं किसान मेला, यमुनानगर (हरियाणा)
# "उद्योगों को काष्ठ की सतत् आपूर्ति में किसानों का योगदान"
# (23.03.2013)

**वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला** एवं किसान मेला का **दिनांक 23 मार्च, 2013 को डी.ए.वी कन्या कॉलेज यमुनानगर हरियाणा** मे आयोजित किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों, हरियाणा वन विभाग, हरियाणा के प्लाईवुड उद्योगों, और वन अनुसंधान संस्थान के प्रतिनिधियों की समस्याएं एवं उनके समाधान के उपायों को आपस मे बॉटने के लिए एक कॉमन प्लेटफार्म उपलब्ध कराना था। इसके अतिरिक्त वन अनुसंधान संस्थान के विषेषज्ञों के साथ तकनीकी ज्ञान को प्रदान कराने का मौका भी था।

मेलें का उद्घाटन माननीय उपसभापति हरियाणा विधान सभा चौधरी अकरम खान द्वारा किया गया। उन्होनें डॉ. पी.पी.भोजवैद्य, निदेशक वन अनुसंधान संस्थान देहरादून, हरियाणा वन विभाग एवं वुड टेक्नोलोजिस्ट एषोसिएसन के प्रतिनिधियों को एक साथ मंच पर आने तथा यमुनानगर में इस कार्यषाला के आयोजन के लिए बधाई भी दी। उन्होनें देष के उत्तरी क्षेत्र मे हरियाणा की प्लाईवुड उद्योगों की इकाइयों को प्रमुख बताया। यदि हमारे किसान पर्याप्त मात्रा में कृषि वानिकी प्रजातियों को उगाये तो काष्ठ की मांग की सत्त आपूर्ति को पूरा किया जा सकता है। यह किसानो की भूमि पर कृषि वानिकी को सुधार कर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब वन अनुसंधान संस्थान, हरियाणा वन विभाग एवं वुड टेक्नोलोजिस्ट के प्रतिनिधि एक साथ बैठ रहे है तब कृषि वानिकी पर तकनीकी जानकारी को पाने का किसानों के पास एक अच्छा मौका है।

इस अवसर पर श्री सी.आर.जौट्रीवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, हरियाणा वन विभाग ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा कहा कि वानिकी की अनेक परियोजनाओं के अंतर्गत किसानों को कृषि वानिकी प्रजातियां के पौधों को मुफ्त मे बांटने की हरियाणा वन विभाग द्वारा मुहिम चलाई जा रही है। जिसके किसानों को अपनी भूमि पर अधिक से अधिक पौधा उगाने का बढ़ावा मिलेगा।

डॉ. पी.पी.भोजवैद्य, निदेशक वन अनुसंधान संस्थान, द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये एवं उन्होनें पंजाब व हरियाणा प्रदेश में भूमि व पानी के प्रबंध के लिए कृषि वानिकी के महत्व पर जोर दिया।

श्री एस.सी.जौली, अध्यक्ष वुड टेक्नोलोजिस्ट एसोसिएशन ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर जयश्री आरडे, विस्तार प्रभाग, ने सभी गणमान्य किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं प्रिंट और मीडिया के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस भव्य कार्यक्रम के गवाह के तौर पर लगभग 350 संख्या में हरियाणा के विभिन्न जिलों के किसान एवं उनके सक्रिय कार्यकर्ता इस कार्यक्रम के मुख्य हितग्राही थे।

वन अनुसंधान संस्थान से श्री उमेश कुमार डी.सी.एफ, डॉ. साधना त्रिपाठी, डॉ. सुभाष नौटियाल, डॉ. मोहम्मद. युसुफ, डॉ. एच.एस.गिनवाल, डॉ. किशन कुमार, डॉ. चरन सिंह, श्री रामबीर सिंह, एवं अन्य वैज्ञानिक व अधिकारीगण, हरियाणा वन विभाग, वुड टैक्नोलोजिस्ट एसोसिएशन, हरियाणा प्लाईवुड मैन्यूफैक्चर एसोषिएसन, स्वयं सेवी सहायता समूह, गैर सरकारी संगठन, मीडिया बन्धु के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

डॉ. मीना बक्शी वैज्ञानिक, वनस्पति विभाग द्वारा कार्यक्रम का अच्छी तरह से संचालन किया गया।

इसी अवसर पर वन अनुसंधान संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा कृषि वानिकी की तकनीकी जानकारियां किसानों को बताई गई। इसी दौरान किसानों के लिए एक प्रतियोगिता एवं विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किये थे।



डॉ0 पी.पी.भोजवैद्य, निदेशक, वन अनुसंधान, देहरादून द्वारा माननीय उपाध्यक्ष, विधान सभा, हरियाणा,चौधरी अकरम खान का स्वागत



माननीय उपाध्यक्ष, विधान सभा, हरियाणा द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन



माननीय उपाध्यक्ष, विधान सभा, हरियाणा को डॉ. साधना त्रिपाठी व0अ0सं0 द्वारा निर्मित उत्पादों की जानकारी प्रदान करती हुई




डॉ. यूसुफ प्रमुख, व्याधि प्रभाग माननीय अतिथि को वन व्याधि की जानकारी प्रदान करते हुए




डॉ0 सुभाष नौटियाल, प्रमुख वनस्पति प्रभाग, प्रदर्शनी में पेड़ पौधों के बारे में अवगत कराते हुए



श्री सी.आर.जौट्रीवाल, प्रधान प्रमुख वन संरक्षक द्वारा प्रदर्शनी में माननीय अतिथि को हरियाणा वन प्रभाग की गतिविधियों की जानकारी देते हुए



माननीय अतिथि द्वारा डब्ल्यू टी ए प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन



माननीय अतिथि द्वारा महिलाओं का स्वयं सहायता समूह की प्रदर्शनी का अवलोकन




माननीय अतिथि द्वारा विमको सीडलिंग लिमिटेड प्रदर्शनी का अवलोकन



उद्घाटन सत्र



माननीय उपाध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्जवलन



विस्तार प्रभाग प्रमुख द्वारा स्वागत भाषण



निदेशक, व0अ0सं द्वारा सम्बोधन



श्री सी.आर.जौट्रीवाल, प्रधान प्रमुख वन संरक्षक हरियाणा वन विभाग द्वारा सम्बोधन



श्री एस.सी.जौली प्रेजिडेंट डब्ल्यू टी ए द्वारा सम्बोधन



उपस्थित गणमान्य, किसान एवं विशिष्ट व्यक्तिगण



माननीय उपाध्यक्ष द्वारा सभा को उद्घाटन सम्बोधन



उपस्थित गणमान्य, किसान एवं विशिष्ट व्यक्तिगण




माननीय अतिथि का सम्मान एवं स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट



श्री उमेश कुमार उप वन संरक्षक, धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए




प्रदर्शनी स्थल का मुख्य द्वार



किसान प्रदर्शनी में जानकारी लेते हुए



किसान कार्यशाला में प्रश्न करते हुए



डॉ0 डी.पी.खाली किसानों की समस्या का निदान करते हुए



श्री अजय गुलाटी एवं अन्य सदस्य किसानों का पंजीकरण करते हुए



डॉ. एच.एस गिनवाल का तकनीकी सत्र में सम्बोधन



श्रीमती जयश्री आरडे प्रमुख विस्तार प्रभाग, द्वारा प्रोडक्शन डिवीजन को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए



प्रमुख विस्तार प्रभाग, द्वारा श्री एस सी जौली अध्यक्ष डब्ल्यू..टी.ए. को को प्रदर्शनी के लिए स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए



प्रमुख विस्तार द्वारा श्री राजेश गुलिया, को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए



प्रमुख विस्तार द्वारा किसान भाई को प्रश्न प्रतियोगिता के लिए सांत्वना पुरस्कार



प्रमुख विस्तार द्वारा श्रीमती सुनीता को प्रश्न प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार